


## विनम्र अपील

# प्रिय प्रदेशवासियों,

वंदे मातरम् ।

इतिहास किसी एक मोड़ पर हमें अपने शहर और अपने नगरीय जीवन से जुड़ा बेहद अहम फैसला लेने का आह्वान करता है। वह एक निर्णायक क्षण हमारे परिवार, शहर और समाज की दिशा व दशा तय कर देता है। आज का दिन भी इतना ही महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ चुनाव नहीं... हमारे शहरों के भविष्य को चुनने का अवसर है। आपका एक वोट, आपके शहर के अगले पांच वर्षों का स्वरूप तय करेगा।

हमने प्रदेश की जनता जनार्दन से जो वादा किया, उसे निभाया, पूरा किया। संकल्प पत्र के 78 प्रतिशत वादे हमने पिछले ढाई वर्षों में ही पूरे कर दिखाए हैं। हमने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के संकल्प को पूरा करके दिखाया है, ताकि बार-बार चुनाव से विकास की गति बाधित न हो। इसलिए मैं आपसे व्यक्तिगत अनुरोध करता हूँ कि आप भाजपा के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आपकी अपनी डबल इंजन सरकार में नगरीय निकाय का तीसरा इंजन जोड़कर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार का निर्माण करें । आपका मत राष्ट्र-निर्माण के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम होगा।

राजस्थान ने वह दौर भी देखा है, जब उसे ग्रामीण बहुल पिछड़े और बीमारू प्रदेशों की श्रेणी में गिना जाता था। आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व, निरंतर प्रयासों और जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत राजस्थान बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर विकास की नई पहचान बना रहा है। हमारी सरकार ने पिछले 32 महिनों में इसी विकास को नई गति और नई दिशा दी है।

प्रदेश में तेजी से बढ़ती नगरीय जनसंख्या के कारण शहरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है, फलस्वरूप आधारभूत शहरी सुविधाओं की माँग बढ़ी है। पुराने शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करना हो या नए शहरी क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना हो, आपके सपनों के शहर का विकास ही हमारा संकल्प है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का मूल भाव भी यही है - सरकार की योजनाओं का लाभ उस अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और हर परिवार के जीवन में खुशहाली आए। आइए, अपने शहर के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को वोट देकर ऐसी नगरीय सरकार चुनें, जो विकास को गति दे, सुविधाओं का विस्तार करे और आपके सपनों के शहर को साकार करे। आपका एक वोट, आपके शहर के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास केवल बड़े शहरों तक नहीं, बल्कि हर नागरिक के घर और हर गली तक पहुँचे।

साथियो, आपने पिछली कांग्रेस सरकार का दौर भी देखा है। घोर अराजकता, खुली लूट और झूठ के बूते चली सरकार के कुशासन से पूरा प्रदेश त्रस्त था। जनहित के बजाय कुर्सी की लड़ाई में उलझे नेता, आपस की खींचतान, होटलों की बाड़ाबंदी में बैठी भ्रष्टाचारी सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं को अटकाने-भटकाने वाला रवैया, अव्यवस्था और अधूरे कार्य। पेपर लीक और सरकारी नौकरियों की बंदरबांट के आगे खून के आंसू बहाते हमारे प्रतिभावान युवा साथी ।


आपने जब इस सबसे उकताकर भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार को सेवा का अवसर दिया, तो प्रदेश में चौतरफा विकास का नया युग शुरू हुआ। रामजल सेतु, यमुना जल समझौता, राजस्थान रिफाइनरी और जयपुर मेट्रो जैसे ऐतिहासिक फ़ैसले हुए। सुशासन आया और हमारे शहरों ने विकास की नई उड़ान भरनी शुरू की। हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं - बेहतर सड़क, स्वच्छ शहर, हर घर को नल से जल, सुचारु यातायात, विश्वस्तर के शिक्षण संस्थान, हर शहर में उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं और पारदर्शी व जवाबदेह सुशासन।

प्रिय साथियो, आपका एक वोट बहुत कुछ बदल सकता है - आपके बच्चों का भविष्य, आपके शहर की तस्वीर, आपके घर की सुविधा, आपकी गली की स्वच्छता और आपके शहर का विकास । आइए, अपने शहर के भविष्य के लिए मतदान करें। घर से निकलें, बूथ तक जाएं और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

आइए हम सब मिलकर यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकसित शहर, विकसित निकाय और विकसित राजस्थान के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में सहयोगी बनें ।

आपका अपना
**भजनलाल शर्मा**

निकाय चुनाव हेतु भाजपा का
**संकल्प पत्र पढ़ने के लिए**
**QR कोड स्कैन करें**



**भाजपा के काम पर मोहर लगाएं**
**दिनांक 11 सितंबर को वोट देने जरूर जाएं**

**कमल का बटन दबाएं**
**भाजपा को जिताएं**

## भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान